K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR

Assessment - 1 - 2022-23

GRADE: III **MARK: 40**
SUB: Hindi **TIME: 2 Hours**

(विभाग १: गद्य अंक१२)

प्रश्न १) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

एक दिन गोपालन एक स्वेटर पहन रहा था। स्वेटर छोटा हो रहा था। वह अम्मा के पास गया और कहा, "अम्मा, यह स्वेटर मुझे बहुत पसंद है। लेकिन देखो न, पता नहीं कैसे यह छोटा हो गया।" अम्मा लड्डू बना रही थीं। गोपालन को देखकर बोली, "अरे! तुम गरमी के मौसम में स्वेटर क्यों पहन रहे हो? इससे गरमी लगेगी। यह इसलिए छोटा हो गया है क्योंकि यह पिछले साल का है। " गोपालन हैरान हो गया। उसने पूछा, "कपड़े भी छोटे होते हैं क्या?" अम्मा ने हँसकर कहा, "नहीं, हम धीरे-धीरे बड़े होते जाते हैं, इसलिए कपड़े छोटे हो जाते हैं। हर मौसम के लिए अलग-अलग तरह के कपड़े पहने जाते हैं।

क)निम्नलिखित शब्दों के अर्थ अंग्रेजी में लिखिए। (२)

१)एक दिन- २) गरमी-

ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (२)

१)गोपालन _________ पहन रहा था।
२)अम्मा ___________बना रही थी।

ग)निम्नलिखित कथन किसने किससे कहा। (३)

१)"यह स्वेटर मुझे बहुत पसंद है"
२)"कपड़े भी छोटे होते हैं क्या?"
३)"तुम गरमी के मौसम में स्वेटर क्यों पहन रहे हो?"

घ) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर सही या गलत लिखिए। (२)

१) अम्मा रोटी बना रही थी। -
२) हम धीरे-धीरे छोटे होते हैं। -

च) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (२)

१) गोपालन कौन से मौसम में स्वेटर पहन रहा था?
२) कपड़े छोटे क्यों होते हैं?

छ) मेरी राय (स्वअध्ययन प्रश्न) (१)

१) गरमी के दिनों में हम कैसी जगह पर घूमने जाते हैं?

(विभाग २: पद्य अंक १०)

प्रश्न २) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

एक जंगल में थे पशु-पक्षी बहुत सारे,
मिलजुलकर खेल खेलते, हँसते-गाते।
एक दिन आया एक शिकारी, सबको पकड़ने बारी-बारी।
तालाब से पकड़े बतख, मछली और कछुआ,

Scanned with OKEN Scanner

आसमान से पकड़े उड़ते कबूतर और चिड़िया।
जैसे ही देखा मैनाने, ज़ोर-ज़ोर से शोर मचाया।

क) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए। (२)

१)मछली - २) आसमान-

ख) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (२)

१)एक दिन आया एक- - - - -।

२) - - - - - ने जोर-जोर से शोर मचाया।

ग) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर सही या गलत लिखिए। (३)

१)आसमान से बतक, मछली को पकड़ा। - ___________

२)मछली, कछुआ, बतख तालाब में थे। - ___________

३)जंगल में सभी पशु-पक्षी मिलजुलकर रहते थे। ___________

घ)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (३)

१)पशु-पक्षी कहाँ रहते थे?

२)जंगल में सभी पशु-पक्षी कैसे रहते थे?

३)आसमान में उड़ने वाले पक्षियों के नाम क्या है ?

(विभाग ३: व्याकरण अंक १२)

प्रश्न ३ क) निम्नलिखित स्वरमाला पूरी कीजिए। (२)

अ_इ ई__ऊ ऋ

ए_ओ__अं अ:

ख) रिक्त स्थान भरिए। (२)

१) क – ग – ड. २) ट – ड– ण

ग) शब्द के पहले वर्ण की मात्रा का उसके स्वर से मिलान कीजिए। (३)

शब्द	स्वर
बैल	आ
तालाब	इ
मित्र	ऐ

घ) नीचे दिए गए व्यंजनों की बारहखड़ी लिखिए। (२)

१) ग – २) स –

च)चित्र देखकर द्वित्व व्यंजन लिखिए। (३)

१) बि - -

२) ब ---

३)प ---

(विभाग ४: लेखन विभाग – अंक ६)

प्रश्न ४) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंधलेखन लिखिए। (६)

१) मेरा पालतू पशु २) मेरा प्रिय मौसम

****

Scanned with OKEN Scanner